# अशोक नगर



नवभारत

भोपाल, बुधवार, 7 जनवरी, 2026


# कलेक्टर का शहर को सुंदर बनाने का अभियान प्रारंभ

## अवैध अतिक्रमण पर चली नपा की जेसीबी, ईसागढ़ रोड से हटाया कच्चा-पक्का अतिक्रमण, मार्ग हुआ चौड़ा

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा शहर को साफ, स्वच्छ और सुंदर बनाने का अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। जिसके चलते मंगलवार को नपा अमले द्वारा ईसागढ़ रोड़ पर अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई की गई। कार्रवाई के बाद जहां ईसागढ़ रोड़ काफी चौड़ी नजर आई, तो वहीं वर्षो से अतिक्रमण के नीचे दबा नाला भी वर्षो बाद शहर के नागरिकों ने देखा। तो वहीं मार्ग चौड़ीकरण होने से लोगों को अब आवागमन में परेशानी नहीं होगी। दरअसल कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा शहर को साफ, स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए अभियान प्रारंभ किया है। जिसके चलते जहां विगत दिनों शहर में फैले अतिक्रमण को राजस्व और नगरपालिकी टीमों द्वारा चिन्हित किया गया। तो वहीं मंगलवार को ईसागढ़ रोड़ पर कच्चा पक्का निर्माण कर दुकानदारों द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाया गया। जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा की गई अतिक्रमण के विरूद्ध इस कार्रवाई की जानकारी





लगने पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और उन्होंने अतिक्रमण पर नपा की जेसीबियों को चलते देखा। मंगलवार को अतिक्रमण के विरूद्ध की गई कार्रवाई का अवलोकन स्वयं कलेक्टर आदित्य सिंह ने किया, तो वहीं पूरी कार्रवाई के दौरान एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, एसडीओपी विवेक शर्मा, तहसीलदार भारतेन्दु यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान, कोतवाली थाना प्रभारी रविप्रताप चौहान सहित बड़ी संख्या में राजस्व, पुलिस और नगरपालिका का अमला मौजूद रहा।

### कार्रवाई होते देख दुकानदार हटाने लगे अपना सामान

अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई की जाने वाली कार्रवाई की तैयारियां पूर्व से जारी थी, जिसके चलते जिला प्रशासन द्वारा विगत एक पखवाडे से अधिक समय से मुनादी (एनांउसमेंट) कराया जा रहा था, लेकिन किसी ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया। तो वहीं मंगलवार को जिला प्रशासन के संयुक्त दल द्वारा की गई कार्रवाई को देखकर जहां कुछ दुकानदारों ने स्वंय ही अपना अतिक्रमण समेटना शुरू कर दिया था, तो वहीं कई दुकानदार नपा प्रशासन से मोहलत मांगते नजर आए।



**सुदंर दिखने के साथ आवागमन होगा आसान:**
जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को अतिक्रमण के विरूद्ध की गई कार्रवाई के दौरान जहां दो जेसीबी अतिक्रमण हटाने के लिए लगाई, ईसागढ़ रोड़ के दोनो तरफ के पक्के और टीनशैड़ आदि लगाकर किये गये अतिक्रमण को हटाया। तो वहीं कार्रवाई के बाद दोनो ओर वर्षो से अतिक्रमण में दबे नाले भी सामने आये। जिनकी सफाई अब नगरपालिका द्वारा कराई जाएगी। तो वहीं सड़क चौड़ी होने से इस मार्ग पर आवागमन भी आसान होगा। उल्लेखनीय है कि ईसागढ़ रोड़ के दोनो तरफ दुकानदारों द्वारा 5 से 10 फिट बाहर सड़क पर अतिक्रमण कर रखा था, जिसे प्रशासन द्वारा हटवाया गया।

**मुख्य मार्गो पर होगी कार्रवाई:**
शहर को साफ, स्वच्छ और सुदंर बनाने की प्रक्रिया के तहत जहां मंगलवार को जिला प्रशासन की सुयंक्त दल द्वारा ईसागढ़ रोड़ से अतिक्रमण हटाया गया, तो वहीं अतिक्रमण के विरूद्ध प्रशासन की यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। जिसके चलते जहां पहले मुख्य मार्गो का चौड़ीकरण किया जाएगा। तो वहीं उसके बाद मैन बाजार की सड़को के लिए कलाई डाली जाएगी। अतिक्रमण की अगली कार्यवाही गांधी पार्क से स्टेशन रोड, इन्द्रा पार्क, मिलन तिराहा, एचडीएफसी चौराहा तथा नवीन बस स्टेण्ड सहित अन्य स्थानों पर देखने को मिलेगी।

# सीएचएचओ ने दिए निर्देश, मरीजों को उपलब्ध कराए जाएं गर्म कंबल

**नवभारत की खबर का असर**

**शीतलहर से निपटने संस्थाएं रखें तैयारी**




नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शीतलहर से निपटने के लिए स्वास्थ्य संस्थाएं अपनी तैयारी रखने के साथ ही भर्ती मरीजों को गर्म कंबल उपलब्ध कराये जाए, यह निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी ने सिविल सर्जन सहित समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं नोड़ल अधिकारी को दिये है। दरअसल ठंड में जिलाअस्पताल में भर्ती मरीजों को लेकर नवभारत ने प्रमुखता से सोमवार को अपने अंक ठंड से ठिठुर रहे मरीज, बैड से चादर और कंबल नदारद खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसके बाद स्वास्थ्य महकमा हकरत में आया और कड़कड़ाती ठंड में मरीजों और स्टॉफ के लिए बेहत्तर सुविधाएं दिये जाने के निर्देश दिए।

**संस्थाएं रखे अपनी तैयारी:**
सीएमएचओ द्वारा जारी किए आदेश में उन्होंने समस्त स्वास्थ्य संस्था प्रभारी अपनी-अपनी स्वास्थ्य संस्थाओ जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर ठंड व शीतलहर को देखते हुए मरीजो को गर्म कम्बल, सुविधा अनुसार बैड, गर्म पानी व वार्डो को गर्म रखने सबंधी संशोधन की उचित व्यवस्था रखे जाने की बात कहीं है। साथ ही समस्त स्वास्थ्य विभागीय स्टॉफ भी अपना बचाव रखे। विशेषतौर पर रात्रिकालीन ड्यूटी स्टॉफ व आकस्मिक सेवाओ सबंधी ड्यूटी स्टॉफ गर्म कपड़े पहने सिर व कानो को ढककर रखे। समस्त संस्था प्रभारी ड्यूटी स्टॉफ को गर्म कम्बल त अन्य संसाधनों को व्यवस्था करवाएं। स्वास्थ्य संस्थाओं में समस्त संस्था प्रभारी संस्था के अंदर जलाव जलाने की व्यवस्था रखें।

## एक नजर में

### कलेक्टर ने दिए लीकेज सुधारने के निर्देश

**अशोकनगर।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिले के समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका/नगर परिषद को शहरी क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रणाली की अनुरक्षण व्यवस्था, पाइपलाइन रिसाव पहचान, पेयजल गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं शिकायत निवारण तंत्र सुदृढीकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किये गये है। जारी निर्देशों के तहत नगरीय निकायों द्वारा संचालित जल प्रदाय योजनाओं के तहत शहरों में की जा रही जलापूर्ति प्रणालियों का उचित अनुरक्षण, जल गुणवत्ता की सतत निगरानी एवं पाइपलाइन रिसाव की समय पर पहचान कर उसे तत्काल में ठीक करना अत्यंत आवश्यक है। केंद्रीय लोक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण अभियंत्रण संगठन (ष्ट्क्क॥श्वश्वह्र) द्वारा जारी जल आपूर्ति और उपचार पर नियमावली तथा विश्व में अपनाई जा रही श्रेष्ठतम प्रथाओं को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा संदर्भित पत्रों में विस्तृत निर्देश दिये गये है। कार्यवाही हेतु जिले के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की जल प्रदाय योजनाओं के संचालन में पालन करना सुनिश्चित करें।

### सड़क हादसे में एक की मौत

**अशोकनगर।** कचनार रोड़ पर मंगलवार की दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने बाईक में टक्कर मार दी, जिससे बाईक पर पीछे बैठे व्यक्ति गिर गया जिस पर ट्रेक्टर का पिछला पहिया चढ़ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। तो वहीं बाईक चला रहे व्यक्ति को मामूली चोटे आई। इस घटना ने सभी को अंचभित कर दिया है। दरअसल ग्राम बरोला थाना पिपरई निवासी अमर सिंह यादव पुत्र बुंदेल सिंह यादव पिपरई से अशोकनगर आए थे, जहां वह कृषि उपज मंडी में मक्का का भाव पता करने जा रहे थे, इसी बीच उनके साथ यह हादसा हो गया। तो वहीं बाईक चला रहा व्यक्ति हादसे से इतना भयभीत हो गया कि जब उनसे जानकारी लेना चाही तो वह कुछ भी कहने में असर्थता जताई। वहीं घटना की जानकारी लगने के बाद अस्पताल पहुंचे।

### श्रमोदय में प्रवेश परीक्षा आवेदन 20 तक

**अशोकनगर।** श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल, इंदौर, जबलपुर एवं ग्वालियर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु 6वी, 7वी, 8वी एवं 9वी में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थियों से 20 जनवरी 2026 तक ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गये है। प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के प्रवेश पत्र मप्र राज्य मुक्त स्कूल बोर्ड के पोर्टल से डाउनलोड किये जा सकेगे। आवेदन करने हेतु भवन एवं अन्य संनिर्माण पंजीयन (मज़दूरी किताब) होना अनिवार्य है।

### फांसी के फंदे पर झूला युवक, हुई मौत

**अशोकनगर।** देहात थाना क्षेत्र के ग्राम कजराई में एक 28 वर्षीय युवक ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अनिल पुत्र तुलसीराम आदिवासी ने विगत रोज अपने घर पर फांसी लगा ली, जिससे उसकीमौत हो गई। पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए मर्गकायम कर जांच में लिया है।

### जहरीले पदार्थ के सेवन से युवक की मौत

**अशोकनगर।** देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकर कालोनी निवासी एक 19 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई और परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां दौराने उपचार उसने दमतोड़ दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी मुताबिक प्रदीप पुत्र रामचरण कुशवाह ने विगत रोज जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, इसकी जानकारी परिजनों को लगी तो वह उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

# पति ने घोंटा गर्भवती पत्नी का गला, हुई मौत

## तीन दिनों से लगातार जारी था दोनों में विवाद, आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** देहात थाना अंतर्गत ग्राम अमाही ताल में पति-पत्नि के बीच हुए विवाद में पति ने पत्नि की तौलिये से गला घोंटकर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। तो वहीं पति ने अपनी यह कारतूत परिजनों व ससुराल वालों को को भी बताई, जिसके बाद मौके पर पहुंचे ससुराल वालों ने आरोपी पति की शिकायत थाने में दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार नन्नू आदिवासी और उसकी पत्नि रामकुंवर उर्फ रानी के बीच विगत दो तीन दिन से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था, जिसके



चलते विगत शाम पति ने पत्नि का तौलिया से घला घोंट दिया। जिससे उसकी मौत हो गई, तो वहीं आरोपी पति ने अपने द्वारा की गई यह बारदात अपने परिजनो को बताई, जिसके बाद आरोपी के भाई द्वारा मृतिका के परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों से भी पति ने अपने द्वारा की गई बारदात की पुष्टि की और यह कहकर वह चला गया। तो वहीं मृतिका के परिजनों द्वारा पुलिस को घटना के बारे से अवगत कराया गया। जिसके बाद जहां पुलिस ने जहां महिला के शव का पीएम कराया, तो वहीं आरोपी पति के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए जांच प्रारंभ की और करीब आठ घंटे की मशक्कत के बाद आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया।

**हत्या का आरोपी गिरफ्तार**
देहात थाना प्रभारी उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा परिजनों के कथन लेते हुए एफआईआर दर्ज की और आरोपी पति को मात्र 8 घंटे के भीतर गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक अजीम अंसारी, सोनम यादव, सहायक उप निरीक्षक देवेन्द्र शर्मा, प्रधान आरक्षक अतेन्द्र यादव आदि की भूमिका रहीं।

# किशोरी की मौत की हो निष्पक्ष जांच

**एआईडीएसओ ने एसपी को सौंपा ज्ञापन**

**आरोपी पर की कड़ी कार्रवाई की मांग**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** ईसागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम महिदपुर निवासी 11 वर्षीय किशोरी की मौत के मामले की निष्पक्ष जांच और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर एआईडीएसओ के संगठनों द्वारा एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपा।

एसपी को सौंपे ज्ञापन में महिला सांस्कृतिक संगठन की सदस्य रानी ओझा ने बताया 29 दिसम्बर से 11 वर्षीय नाबालिग बालिका पछाड़ीखेड़ा श्मशान घाट के पास स्थित अपने दादा के घर के पास एक हैडपंप से पानी भरते समय लापता हुई थी, जिसका शव 4 जनवरी को 7 दिन बाद खिरिया महू के पास एक कुएं में मिला। पीड़ित परिवार लड़की के माता पिता जब पुलिस के पास पहुंचे तो कार्यवाही के बजाय उल्टा उन्हें ही डराया धमकाया गया और बच्ची को ढूंढने कि बजाय पीड़ित परिवार के ऊपर ही आरोप लगाये गये। हैरानी की बात तो यह है कि 7 दिन से लापता बच्ची की न तो पुलिस तलाश कर पाई और न ही अपराधियों का अभी तक कुछ पता चल पाया है। यह बेहद निंदनीय है अभी तक पुलिस प्रशासन की ओर से कोई भी संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई, जिससे की परिजनों सहित समाज में रोष व्याप्त है। इस दौरान संगठन द्वारा मांग कि 11 वर्षीय किशोरी के हत्या के मामले की निष्पक्ष जांच की जाए।

# ठंड से बचने लोगों को पहुंचाया रैन बसेरा

**नपाध्यक्ष रात्रि में पहुंचे रेलवे स्टेशन**

**बाहर सो रहे लोगों को दी जानकारी**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** रात्री के समय नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, सीएमओ विनोद उन्नीतान के साथ रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर पहुंचे। जहां ठंड में खुले आसमान के नीचे सो रहे लोगों से उन्होंने संवाद किया और नगर पालिका परिषद द्वारा नवीन बस स्टैंड के पास निशुल्क रैन बसेरा संचालित किया जा रहा है, जिसकी जानकारी देते हुए उन्होंने सभी से वहां चलने का आग्रह किया। इस दौरान नगर पालिका की व्यवस्था से करीब एक दर्जन (लगभग 12)



जरूरतमंद लोगों को ऑटो में बैठाकर रैन बसेरा पहुंचाया गया। रैन बसेरा में पलंग, गद्दे, रजाई, हीटर सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनका लाभ वहां पहुंचने के बाद लोगों ने लिया। नगर पालिका अध्यक्ष ने सर्दी के मौसम में किसी भी व्यक्ति को खुले में न सोने की अपील करते हुए रैन बसेरा की सुविधाओं का उपयोग करने का संदेश दिया। यह गौर करने वाली बात ये है कि जहां सर्दी के मौसम में लोग अपने घरों में दुबके रहते है, तो वहीं नपाध्यक्ष ने आम लोगों की परवाह की और अपने नपा बल के साथ रेलवे स्टेशन पहुंचे और असहाय लोगों को चिन्हित करते हुए संविधा युक्त रैन बसेरा मेंसहारा लेने पहुंचाया गया।

# कलेक्टर ने सुनीं आवेदकों की समस्याएं

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 169 आवेदन प्राप्त हुए।**



जनसुनवाई में ग्राम खैजरा निवासी पवन प्रजापति द्वारा राशन पर्ची बनवाए जाने, ग्राम जलालपुर निवासी सीताराम द्वारा मार्कशीट एवं स्थानांतरण पत्र दिलवाए जाने, विजयपुरा निवासी सतेन्द्र यादव द्वारा खसरा नंबर को कम्प्यूटर पर दर्ज कराए जाने, नई आबादी अशोकनगर निवासी सिमरन सिजावट द्वारा अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन राशि दिलाए जाने, ग्राम काकाखेड़ी निवासी तुलाराम आदिवासी द्वारा राशन कार्ड बनवाए जाने, ग्राम रतभानपुर निवासी तुलसीराम मोगिया द्वारा किसान सम्मान निधि दिलाए जाने, ग्राम ककरूआ राय के समस्त ग्राम वासियों द्वारा मुक्तिधाम की भूमि से अतिक्रमण हटवाए जाने, केन्ट गुना निवासी समीर खान द्वारा जमीन का बटांकन कराए जाने, नगेश्री चौराहा अशोकनगर निवासी राहुल पाल द्वारा मार्कशीट निकलवाए जाने संबंधी समस्या मूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए।

## अनोखा-अंदाज

### बच्चों के साथ हैंडपंप का पानी पीकर दिखाई सादगी

# बैलगाड़ी पर सवार होकर हिन्दू सम्मेलन में शामिल हुए विधायक



नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** आमखो धाम ग्राम सुरेल, खिरका टांका मंडल जिला अशोकनगर में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन में मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव की सादगी और जनसरोकारों से जुड़ा व्यक्तित्व लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। इस दौरान विधायक यादव सम्मेलन में शामिल होने के लिए आधुनिक साधनों को छोड़कर बैलगाड़ी पर सवार होकर आमखो धाम पहुंचे, तो वहीं उनके साथ सैकड़ों ग्रामीणजन पैदल एवं पारंपरिक वाहनों के साथ मौजूद रहे। विराट हिन्दू सम्मेलन में खिरका टांका मंडल के अंतर्गत आसपास के लगभग 20 से 25 ग्रामों के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। सम्मेलन के अंतर्गत संगीतमय अखंड रामायण पाठ, भजन संध्या,



भारत माता की आरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय एवं सामाजिक समरसता का वातावरण बना रहा। सम्मेलन उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने आम नागरिकों के साथ बैठकर प्रसादी ग्रहण की। इसी दौरान वे हैंडपंप से देशी तरीके से पानी पीते हुए नजर आए। विधायक की यह सहज और सरल जीवनशैली उपस्थित जनसमूह के बीच आकर्षण और चर्चा का केंद्र बनी रही। ग्रामीणों ने इसे जनप्रतिनिधि और जनता के बीच आत्मीय संबंधों का प्रतीक बताया। कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक संजय नागर ने संबोधित करते हुए समाज में एकता, संगठन और सनातन मूल्यों को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। सम्मेलन में महंत शिशुपाल महाराज एवं बालक दास महाराज का पावन सान्निध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। वहीं मंच पर मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए कमलाबाई आदिवासी ने महिलाओं की सामाजिक एवं सांस्कृतिक भूमिका पर विचार व्यक्त किए।

### समीक्षा बैठक आयोजित

**नईसराय।** भारतीय जनता पार्टी के चल रहे विभिन्न कार्यक्रमो को लेकर शक्ति केन्द्र सांदोह पर समीक्षा बैठक का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें शक्ति केंद्र पर बहन कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में केंद्रों पर चल रहे पार्टी के विभिन्न कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा पदाधिकारियों द्वारा की गई। इस मौके पर मंडल प्रभारी लखन रघुवंशी धुर्रा, मंडल अध्यक्ष दिनेश रघुवंशी, शक्ति केन्द्र प्रभारी सुनील देरखा, एसआईआर प्रभारी अनिल कुकरेटा, मोनू रघुवंशी, महेन्द्र सिह, अनिल आदि मौजूद रहे।



**न्यायालय तहसीलदार तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर**

क्रमांक/ड-154/2025-26

चंदेरी दिनांक 05/01/2026

//विज्ञप्ति//

आवेदक जहार सिंह कुशवाहा पुत्र रामसिंह कुशवाहा निवासी ग्राम प्राणपुर तहसील चंदेरी द्वारा अपने पिता रामसिंह कुशवाहा पिता दयाल कुशवाहा की मृत्यु दिनांक 09/03/2023 को ग्राम प्राणपुर में होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु आदेश/आज्ञा दिए जाने का निवेदन किया है।

अत: प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 12/01/2026 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी

(दिलीप दरोगा)
तहसीलदार
तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर**

क्रमांक/ड-154/2025-26

चंदेरी दिनांक 05/01/2026

// विज्ञप्ति//

आवेदक देवेंद्र तिवारी पुत्र भानु प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम नारोन तहसील चंदेरी द्वारा अपनी माता अहिल्याबाई पति भानुप्रताप तिवारी की मृत्यु दिनांक 18/08/2011 को ग्राम नारोन में होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु आदेश/आज्ञा दिए जाने का निवेदन किया है।

अत: प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 12/01/2026 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी

(दिलीप दरोगा)
तहसीलदार
तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर**

क्रमांक/ड-154/2025-26

चंदेरी दिनांक 05/01/2026

// विज्ञप्ति//

आवेदक गुलाब सिंह तोमर पुत्र खलक सिंह तोमर निवासी ग्राम पिपरोद चन्देरी, तहसील चंदेरी द्वारा अपनी पत्नी तारा बाई पति गुलाब सिंह की मृत्यु दिनांक 11/03/2023 को ग्राम पिपरोद में होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु आदेश/आज्ञा दिए जाने का निवेदन किया है।

अत: प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 12/01/2026 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी

(दिलीप दरोगा)
तहसीलदार
तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर